# राजकीय महाविद्यालय सैक्टर 9, गुरुग्राम

# वार्षिक रिपोर्ट 2023-24

राजकीय महाविद्यालय सैक्टर 9 गुरुग्राम शहर ही नहीं बल्कि हरियाणा राज्य के प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में से एक है। इस महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 2003 में की गई थी। इस अल्प अवधि में महाविद्यालय ने सभी क्षेत्रों में प्रशंसनीय प्रगति की है। यह एक सह शिक्षण संस्थान है जिसमें वर्तमान सत्र में 3000 से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

अपने गौरवशाली एवं महिमापूर्ण स्वरूप के अनुरूप वर्तमान सत्र में श्रीमती मधु अरोड़ा, प्राचार्या के मार्ग निर्देशन में इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

महाविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं प्रकोष्ठों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:-

हिंदी साहित्य परिषद्:

हिन्दी विभाग श्रीमती पूजा सिंह की अध्यक्षता में सुचारू रूप से कार्यरत है। 14 सितम्बर को विभाग द्वारा हिंदी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं जिनसे विद्यार्थियों का सर्वांगिण विकास होता है।

अंग्रेजी साहित्य परिषद्:

यह परिषद् डॉ मीनाक्षी दलाल की अध्यक्षता में कार्यरत है। विभाग द्वारा समय समय पर अन्तः कक्षीय काव्य पाठ प्रतियोगिताएं एवं सुलेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाती हैं।

इतिहास परिषद्:

इतिहास विभाग डॉ मीनू शर्मा की अध्यक्षता में कार्यरत है। विभाग द्वारा विस्तार व्याख्यान आयोजित किए जाते हैं जिससे विद्यार्थियों को इतिहास की जानकारी प्राप्त होती है।

भूगोल परिषद्:

महाविद्यालय का भूगोल विभाग डॉ अजय शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यरत है। विभाग द्वारा प्रायोगिक शिक्षा पर विशेष तौर पर ध्यान दिया जाता है।

वाणिज्य विभाग:

यह विभाग डॉ मुकेश शर्मा की अध्यक्षता में सुचारू रूप से कार्यरत है। विभाग द्वारा अनेक प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं जिनसे विद्यार्थी अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करते हैं।

कम्प्यूटर विभाग:

यह विभाग डॉ नीलम दहिया की अध्यक्षता में सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। विद्यार्थियों को प्रायोगिक जानकारी देने के लिए विभाग में आधुनिक कम्प्यूटरों से सुसज्जित प्रयोगशालाओं की स्थापना की गई है जिससे विद्यार्थी आधुनिक सॉफ्टवेयर की जानकारी हासिल कर रहे हैं।

अर्थशास्त्र विभाग:

यह विभाग डॉ राजेश कुंडू की अध्यक्षता में कार्यरत है। विभाग के विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए अन्तः कक्षा प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।

गणित विभाग:

डॉ हरीश कुमार की अध्यक्षता में गणित विभाग कार्यरत है। इस विभाग द्वारा विद्यार्थियों के विकास के लिए अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।

विज्ञान संकाय:

यह विभाग डॉ मीना कुमारी के मार्गदर्शन में कार्यरत है। इस विभाग के अंतर्गत रसायन शास्त्र, जैव विज्ञान, भौतिक विज्ञान की प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं।

पर्यटन विभाग:

डॉ अंजना शर्मा की अध्यक्षता में पर्यटन विभाग सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। विभाग द्वारा विद्यार्थियों को अधिक से अधिक प्रायोगिक शिक्षा देने के लिए विद्यार्थियों को भ्रमण करवाया जाता है।

जनसंचार विभाग:

डॉ सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में जनसंचार विभाग कार्य कर रहा है। विद्यार्थियों को प्रायोगिक जानकारी देने के लिए विभाग में स्टूडियो की स्थापना की गई है। विद्यार्थियों के विकास के लिए तथा प्रायोगिक शिक्षा देने के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। विभाग की छात्रा पूजा कार्की ने जिला युवा महोत्सव में भाषण प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार जीता। इसी छात्रा ने राज्य युवा महोत्सव में भी प्रथम पुरस्कार हासिल कर महाविद्याल का नाम रोशन किया है।

खेलकूद विभाग:

डॉ सतीश यादव की अध्यक्षता में महाविद्यालय का खेलकूद विभाग कार्यरत है। विभाग द्वारा तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय योग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा अंतर महाविद्यालय वॉलीबाल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विभाग द्वारा प्रतिवर्ष एथलेटिक मीट का आयोजन किया जाता है जिसमें महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं।

पढ़ाई के साथ कमाई:

विद्यार्थियों में कार्य के प्रति रूचि को जागृत करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा पढ़ने तथा धन अर्जित करने की योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में डॉ मुकेश कुमारी की अध्यक्षता में प्रतिभावान एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों का चयन किया जाता है तथा प्रतिदिन 100 रूपये अदा कर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

पुस्तकालय:

पुस्तकालय का संचालन श्रीमीत अनिता एवं अरूण कुमार देखरेख में किया जा रहा है। पुस्तकालय में 20 समाचार पत्र तथा 15 पत्रिकाएं हिंदी तथा अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध करवाए जाते हैं। विद्यार्थियों के विकास के लिए प्रतिवर्ष नई पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाती हैं।

कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ:

लीगल लिटरेसी सैल डॉ मुकेश की अध्यक्षता में कार्यरत है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने लीगल लिटरेसी सैल द्वारा आयोजित किए गए अंतर महाविद्यालय वाद-विवाद, डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने  राज्य स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कर्ष्ट प्रदर्शन किया।

एनसीसी:

डॉ सतीश यादव की अध्यक्षता में 5 हरयिाणा बटालियन के तहत आर्मी विंग की यूनिट कार्यरत है। महाविद्यालय में डॉ रीना की अध्यक्षता में छात्राओं की यूनिट है जो विद्यार्थियों को सेना के कार्यों एवं नियमों से अवगत कराती हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना:

समाज की निष्काम भाव से सेवा करने, समाज में फैली बुराईयों को समाप्त करके समाज का निर्माण करने तथा विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना पैदा करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना की गई है। डॉ हरीश कुमार की अध्यक्षता में एनएसएस के विद्यार्थी आस-पास की बस्तियों एवं गांवों में जाकर सेवा कार्य करते हैं। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सामाजिक बुराईयों के प्रति जागरूक करते हैं तथा बुराईयों से दूर रहने का संदेश देते हैं। एनएसएस द्वारा विद्यार्थियों के विकास के लिए कैंप का आयोजन किया जाता है जिसमें विद्यार्थियों को समाज के प्रति उनके जिम्मेदारियों से अवगत करवाया जाता है।

सांस्कृतिक विभाग:

महाविद्यालय का सांस्कृतिक विभाग डॉ सुरेंद्र कुमार के निर्देशन में विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए सुचारू रूप से कार्यरत है। विभाग द्वारा प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन एवं अभिनय की प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने गुरुग्राम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा महोत्सव में भाग लिया तथा सर्वश्रेष्ठ अभिनेता एवं अभिनेत्री सहित अनेक पुरस्कार जीते। सांस्कृतिक विभाग द्वारा 'तरंग' महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने नाटक 'टोबा टेक सिंह' का शानदार मंचन कर दर्शकों का मन जीत लिया।

विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए महाविद्यालय के सभी सदस्य सम्पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण की भावना से कार्य कर रहे हैं। महाविद्यालय के विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक बल्कि खेलों, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। आशा है कि आने वाले समय में महाविद्यालय प्रगति के उच्चतम शिखर का प्राप्त करेगा।